
नई दिशा
नया भारत
नया राजस्थान
मेरा देश बदल रहा है,
आगे बढ रहा है...
3 साल बेमिसाल
साथ है विश्वास है, हो रहा विकास है


अंधेरा छटा है और भारत
प्रगति की ओर बढ़ा है।
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व
और नई सोच से देश आज प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है...
मोदी सरकार को विकास के
3 वर्षों की हार्दिक बधाई
मेरा देश बदल रहा है
आगे बढ़ रहा है...
साथ आएं...देश बनाएं...
जन-जन का साथ..... बढ़ता विश्वास

मेरे प्यारे देशवासियों,

वर्ष 2014 में जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से मुझे प्रधानमंत्री का दायित्व मिला। मैं स्वयं को प्रधान सेवक मानकर अपनी जिम्मेदारी इसी भावना से निभा रहा हूं।

अन्त्योदय हमारे राजनैतिक दर्शन का मूल मंत्र है। प्रमुख फैसले लेते समय हमेशा वंचित, गरीब, मजदूर और किसान हमारी आंखों के सामने रहते हैं। जन-धन योजना में हर परिवार का बैंक खाता और प्रधानमंत्री जीवन-ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेन्शन योजना इसी का प्रमाण हैं।

अन्नदाता सुखी भव: हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारे किसान अथक मेहनत कर देश को खाद्य सुरक्षा प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सॉइल हेल्थकार्ड, बिजली की बेहतर उपलब्धता, नई यूरिया नीति, कृषि विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता है। बे मौसम बारिश और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों के साथ हम मजबूती से खड़े रहे। सहायता राशि को डेढ़ गुना किया।

भ्रष्टाचार-मुक्त, पारदर्शी, नीति-आधारित प्रशासन एवं शीघ्र निर्णय हमारे मूलभूत सिद्धांत हैं। पहले प्राकृतिक सम्पदा जैसे कोयला या स्पैक्ट्रम का आवंटन मनमानी से, चहेते उद्योगपतियों को होता था। किन्तु देश के संसाधन देश की सम्पत्ति हैं। सरकार का मुखिया होने के नाते मैं उसका ट्रस्टी हूं। इसीलिए हमने निर्णय लिया कि इनका आवंटन नीलामी से होगा। कोयले के अब तक हुए आवंटन से लगभग तीन लाख करोड़ रुपए और स्पैक्ट्रम से लगभग एक लाख करोड़ रुपये की आमदनी होगी !

सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए भरोसेमंद सरकार आवश्यक होती है। जब हमारी सरकार बनी उस समय आर्थिक स्थिति डावांडोल थी। महंगाई तेजी से बढ़ रही थी। मुझे खुशी है कि हमारे प्रयासों से विगत तीन वर्षों में भारत विश्व की तीव्रतम विकास वाली अर्थव्यवस्था बनी, महंगाई नियंत्रित हुई और पूरे वातावरण में नए उत्साह का संचार हुआ।

विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। पूंजी निवेश बढ़ा है। ''मेक इन इंडिया'' और ''स्किल इंडिया'' अभियान का उद्देश्य हमारे युवाओं को रोजगार प्रदान कराना है। हमने मुद्रा बैंक की स्थापना की जिससे छोटे-छोटे रोजगार चलाने वाले भाई-बहनों को दस हजार रुपए से दस लाख रुपए तक के बैंक-ऋण सुलभ होंगे। हमने कालाधन वापस लाने का वादा किया था। सरकार बनते ही पहला निर्णय कालेधन पर एसआईटी गठन करने का था। फिर हमने विदेशों में कालाधन रखने वालों को कड़ी सजा देने के लिए कानून बनाया।

स्वच्छ भारत अभियान की सोच है कि बहू-बेटी को खुले में शौच न जाना पड़े, शौचालय के अभाव में बेटियां स्कूल न छोड़ें और गंदगी से मासूम बच्चे बार-बार बीमार न पड़ें। बालकों की तुलना में बालिकाओं की गिरती संख्या बहुत चिंता का विषय है, इसलिए हमने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया। सदियों से हमारी आस्था का केन्द्र जीवनदायिनी मां गंगा प्रदूषण-मुक्त हो इसलिए हमने नमामि गंगे कार्यक्रम शुरू किया। हमारा इरादा है कि गांव की तस्वीर बदले और मूलभूत सुविधाएं जैसे प्रत्येक परिवार के लिए पक्का घर, चौबीस घंटे बिजली, पीने का शुद्ध पानी, शौचालय, सड़क और इंटरनेट की व्यवस्था हो जिससे लोगों का जीवनस्तर बेहतर हो। इन सबकी सफलता के लिए आपकी भागीदारी आवश्यक है।

हमने जोड़ने का काम किया है - देश की सीमाओं, बंदरगाहों और पूरे भारत को एक कोने से दूसरे कोने तक जोड़ने के लिए सड़कें और रेलवे को नया जीवन देने का प्रयास। लोगों को जोड़ने के लिए डिजिटल इंडिया कनेक्टिविटी। सभी मुख्यमंत्रियों के साथ टीम इंडिया की अवधारणा भी दूरियां मिटाने की कोशिश है।

इन तीन वर्षों में विकास यात्रा की मजबूत नींव से देश ने खोया विश्वास पाया है। मुझे भरोसा है कि हमारे प्रयासों ने आपकी जिंदगी को छुआ होगा। यह मात्र शुरूआत है।

देश आगे बढ़ने के लिए तैयार है। आइये हम सब संकल्प लें कि हमारा हर कदम देश हित में आगे बढ़े।

आपकी सेवा में समर्पित,

जयहिन्द !

नरेंद्र मोदी

नरेंद्र मोदी

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर





मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान



# वसुन्धरा राजे सिंधिया

मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार

## संदेश

13 दिसम्बर को आपकी अपनी सरकार ने कामयाबी के तीन वर्ष पूरे कर चौथे वर्ष में प्रवेश किया है। विकास की परिकल्पनाओं को साकार करने के लिए यूं तो तीन वर्ष की अवधि कम ही होती है परन्तु आपकी इस सरकार ने प्रदेश में प्रगति के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। यह सफलता आपके साथ और आपके विश्वास का ही प्रतिफल है। इस कालखण्ड में हमने 'सुराज संकल्प' में संजोए उन सपनों को हकीकत की जमीन पर उतारने का प्रयास किया है जो आपने और हमने मिलकर देखे थे किन्तु विकास का सफर अभी और बाकी है। अभी हमें प्रगति के अनेक सोपान तय करने हैं। आप तो जानते ही हैं कि इन तीन वर्षों में आपने और हमने कई चुनौतियां का मुकाबला किया। विरासत में मिले आर्थिक संकट से राजस्थान को उबारा और विकास की एक नई इमारत खड़ी की।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि विकास का जो रथ हमने 13 दिसम्बर, 2013 को शुरू किया था, वह आज तरक्की की राह पर तेजी से दौड़ रहा है।

आज कई क्षेत्रों में हमारा प्रदेश देश में अग्रणी है। अब बारी है प्रदेश को विकास की नई बुलंदियों तक ले जाने की।

आपके साथ और आपके विश्वास की बदौलत हम इसे पूरा कर दिखाएंगे। राजस्थान विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़े, विकास का उजाला हर घर तक पहुंचे, इस नेक मकसद को पूरा करने के लिए आओ साथ चलें। आपके साथ से प्रदेश में आशा और विश्वास की ऐसी अविरल धारा प्रवाहित होगी जो स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित, सशक्त और समृद्ध राजस्थान के निर्माण का हमारा सपना पूरा करेगी।

(वसुन्धरा राजे)





# देवजी पटेल

सांसद, जालोर-सिरोही

## संदेश

सभी भाइयों और बहनों को प्रणाम, जिनके अभूतपूर्व सहयोग और अटूट विश्वास के कारण हमे क्षेत्र की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

आज अपनी सरकार कामयाबी के तीन वर्ष पूरे कर चौथे वर्ष में प्रवेश कर रही है।

समग्र विकास के लिए वैसे तो तीन वर्ष की अवधि कम ही होती है, परन्तु अपनी सरकार ने इस अवधि में प्रगति के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। यह सफलता आपके साथ और आपके विश्वास का ही प्रतिफल है।

इन तीन वर्षों में हमने 'सुराज संकल्प' के उन सपनों को साकार करने का प्रयास किया है जो आपने और हमने मिलकर देखे थे। हम इन तीन सालों में हुए 'अच्छे काम-ठोस परिणाम' का रिपोर्ट कार्ड जनता जनार्दन को समर्पित करते है। हमने जनता के अभूतपूर्व जनादेश का मान-सम्मान रखते हुए क्षेत्रवासियों की कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास किया है। किन्तु विकास का सफर अभी और बाकी है। अभी हमें प्रगति के अनेक सौपान तय करने हैं।

हमने विकास की धारा को अंतिम छोर पर बैठे हर व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया है।

हमने विकास में राजनीति नहीं आने दी और राजनीति से प्रेरित होकर विकास कार्य नहीं किया।

हम 36 की 36 कौमों के विकास को समर्पित हैं।

'सबका साथ-सबका विकास' के सिद्धांत की मूल भावनाओं के साथ विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी हैं। इसके लिए यह आवश्यक है कि इन विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हों।

( देवजी पटेल )

जय जवान....जय किसान....

MAKE IN INDIA

**श्री ओटाराम देवासी**

राज्यमंत्री / विधायक, सिरोही



# संदेश

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 3 साल पूर्ण होने पर क्षेत्र में सरकार द्वारा विभिन्न विकास कार्यो एवं जनसमस्याओं के सतत निवारण करने का भागीरथी प्रयास किया गया हैं, गत तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान किये गये विकास कार्यो की जानकारी एक पुस्तिका के माध्यम से लोगों के ध्यान में लाये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही हैं।

मेरे मन में यह पूर्ण विश्वास है कि हम सब मिलकर इसी प्रकार योजना बद्ध तरीके से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के विकास की ओर कदम बढाते हुए विकास यात्रा को पूर्ण करने का अथक प्रयास करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे।

इसी शुभकामनों के साथ,

( ओटाराम देवासी )

# संदेश



## श्री लुम्बाराम चौधरी
### जिलाध्यक्ष भाजपा, सिरोही

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा हैं ।



## श्री रविन्द्र सिंह बालावत
### जिलाध्यक्ष भाजपा, जालोर

मुझे यह जानकर अत्यन्त खुशी हुई कि भारत-सरकार एवं राजस्थान-सरकार द्वारा सभीवर्गों के हितों को ध्यान में रखकर विभिन्न योजनाऐं चलाई जा रही, इन योजनाओं की क्षेत्र के सभी लोगों को अधिकाधिक लाभ मिल सके इसके लिए एक पुस्तिका का प्रकाशित की जा रही हैं।

आशा है कि इस पुस्तक के प्रकाशन से विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन को मिलेगी एवं लाभान्वित होगे।



## श्रीमती पायल परसरामपुरिया
### जिला प्रमुख, सिरोही

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि केंद्र एवं राज्य सरकारी द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहूँचाने के उद्देश्य से पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा हैं ।

यह प्रकाशित पुस्तिका क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग के लिए उपयोगी साबित होगी ।



## डॉ. बन्नेसिंह गोहिल
### जिला प्रमुख, जालोर

मुझे यह जानकर अत्यन्त खुशी हुई कि भारत-सरकार एवं राजस्थान-सरकार द्वारा सभीवर्गों के हितों को ध्यान में रखकर विभिन्न योजनाऐं चलाई जा रही, इन योजनाओं की क्षेत्र के सभी लोगों को अधिकाधिक लाभ मिल सके इसके लिए एक पुस्तिका का प्रकाशित की जा रही हैं।

# संदेश



## श्री जगसीराम कोली

### विधायक - रेवदर

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रसारित करने के उद्देश्य पूर्ण करेंगी । मुझे आशा है नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यह आम जन के लिए उपयोगी रहेगी ।



## श्री समाराम गरासिया

### विधायक - आबू, पिण्डवाड़ा

मुझे यह जानकर अत्यन्त खुशी हुई कि भारत-सरकार एवं राजस्थान-सरकार द्वारा सभी वर्गों के हितो को ध्यान में रखकर विभिन्न योजनाऐं चलाई जा रही, इन योजनाओं की क्षेत्र के सभी लोगों को अधिकाधिक लाभ मिल सके इसके लिए एक पुस्तिका का प्रकाशित की जा रही है।

आशा है कि इस पुस्तक के प्रकाशन से विभिन्न योनाओं की जानकारी आमजन को मिलेंगी एवं लाभान्वित होंगे।



## श्रीमती अमृता मेघवाल

### विधायक-जालोर

मुझे यह जानकर अत्यनत प्रसन्नता हुई कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रसारित करने के उद्देश्य पूर्ण करेंगी। मुझे आशा है नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यह आम जन के लिए उपयोगी रहेगी।



## श्री शंकरसिंह राजपुरोहित

### विधायक - आहोर

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि केंद्र एवं राज्य सरारि द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन पहुँचाने के उद्देश्य से पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा हैं।

यह प्रकाशित पुस्तिका क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग के लिए उपयोगी साबित होगी ।

# संदेश



## श्री नाराण सिंह देवल

### विधायक-रानीवाड़ा

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने के उदेश्य से पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा हैं।

यह प्रकाशित पुस्तिका क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग के लिए उपयोगी साबित होगी ।

इसी शुभकामनाओं के साथ,



## श्री पुराराम चौधरी

### विधायक - भीनमाल

मुझे यह जानकर अत्यन्त खुशी हुई कि भारत- सरकार एवं राजस्थान-सरकार द्वारा सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर विभिन्न योजनाऐं चलाई जा रही, इन योजनाओं की क्षेत्र के सभी लोगों को अधिकाधिक लाभ मिल सके इसके लिए एक पुस्तिका का प्रकाशित की जा रही है।

आशा है कि इस पुस्तक के प्रकाशन से विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन को मिलेगी एवं लाभान्वित होंगे ।

इसी मंगल कामनाओं के साथ,



## श्री जीवाराम चौधरी

### पूर्व विधायक - सांचौर

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रसारित करने के उदेश्य पूर्ण करेंगी । मुझे आशा है नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यह आम जन के लिए उपयोगी रहेगी ।

इसी मंगल कामनाओं के साथ,


तिरंगा यात्रा
लोकसभा क्षेत्र
जालोर – सिरोही



महिलाओं को मिला
सम्मान
स्वच्छ ईंधन
बेहतर जीवन
- इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने 1 मई 2016 को की गई
- उज्ज्वला योजना के तहत 2.25 करोड़ BPL परिवार की महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिया गया
- प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि आने वाले में तीन वर्षों में 5 करोड़ गरीब परिवारों को जहां लकड़ी का चूल्हा जलता है, मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाएगा.
राजस्थान में 1731893 परिवारों को लाभान्वित किया गया है
जिला जालोर में 72276 परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है
जिला सिरोही में 33553 परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है
Indane
सशक्त नारी... सशक्त भारत...
योजना के सफल क्रियान्वयन के साथ पेट्रोल और गैस एजेंसियों के आवंटन में पारदर्शिता
दुआ करती हूं, नरेंद्र मोदी की उम्र खूब लंबी हो
2.25 करोड़
उज्ज्वला से घर-घर उजाला
1 करोड़ से ज्यादा लोगों ने LPG सब्सिडी छोड़ी




# स्वच्छ भारत अभियान

- स्वच्छ भारत अभियान को औपचारिक रुप से महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया।
- इसके तहत 2019 तक यानी महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती तक भारत को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य किया गया है ।
- इसके तहत सरकार ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों तक शौचालय और साफ-सफाई की सुविधाएं पहुंचाने का काम कर रही है ।
- इसमें जनता को सफाई के लिए, साफ सड़कों और गलियों सहित अतिक्रमण हटाने के लिए जागरुकता पैदा करना भी शामिल है ।

## देश में 2 लाख से अधिक गाँव खुले में शौच मुक्त घोषित

| जिला | कुल निर्मित शौचालय | प्रोत्साहन राशि ( लाखों में ) | खुले में शौच मुक्तग्राम पंचायतें | खुले में शौच मुक्तपंचायत समिति |
|---|---|---|---|---|
| जालोर | 173768 | 2765.78 | 125 | भीनमाल |
| सिरोही | 52015 | 2209.58 | 94 | - |

## स्वच्छता की ओर हमारे प्रदेश के गांव और शहर

**प्रदेश में 6 जिले खुले में शौच मुक्त**

**4955 ग्राम पंचायतें खुले में शौच मुक्त**

**गांवों में 58.16 लाख घरेलू शौचालयें बनायें**

शौचालय निर्माण में **राजस्थान देश में** पहले स्थान पर



जन भागीदारी से 'स्वच्छ भारत मिशन' एक जन आंदोलन बना



# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना




| लोकसभा क्षेत्र में पिछले तीन साल में स्वीकृत सड़कों का विवरण | | | |
|---|---|---|---|
| जिले का नाम | कुल सड़कें | सड़कों की लम्बाई (किमी में) | स्वीकृत राशि (करोड़ में) |
| जालोर | 225 | 823 | 257.77 |
| सिरोही | 98 | 388 | 150.26 |




## ग्रामीण सड़क योजना के लिए मोबाइल एप

देश के हर गांव को सड़कों से जोड़ने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 'पीएमजीएसवाई' को और अधिक पारदर्शी और गुणवत्ता युक्त बनाने के इरादे से केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से एक मोबाइल ऐप लांच किया गया। इस ऐप का मुख्य उद्देश्य ग्रामिण जनता को सड़क निर्माण से जुडी अपनी शिकायतें सरकार तक पहुंचाने की सहूलियत देना है।

**मोबाइल से फोटो अपलोड कर कीजिए खराब सड़क की शिकायत**





## बन रही सड़के, खुल रहे है प्रगति और खुशहाली के रास्ते



# सवंरेगा बेटियों का भविष्य
# सुकन्या समृद्धि योजना

## आपकी लाडली के सुनहरे भविष्य के लिए

- **14 साल तक प्रति माह बैंक में डालने होंगे 1 हजार रुपए**
- **21 साल बाद बेटी को मिलेंगे 6 लाख 7 हजार 128 रुपए**
- **ब्याज के रूप में मिलेंगे 4 लाख 39 हजार 128 रुपए**

### सुकन्या समृद्धि योजना की मुख्य विशेषताएं

- खाता बालिका के जन्म लेने से उसकी दस वर्ष तक की आयु प्राप्त करने तक खोला जा सकता है।
- खाते पर 9.20% की उच्च दर से वार्षिक ब्याज के अतिरिक्त आयकर में छूट भी देय है।
- एक वित्त वर्ष में न्यूनतम ₹ 1000 व अधिकतम ₹ 1,50,000 की राशि ₹ 100 के गुणकों में जमा की जा सकती है।
- खाते में राशि इसे खोलने की तारीख से 15 वर्ष पूर्ण होने तक जमा की जा सकती है।
- खाता इसे खोलने की तारीख से 21 वर्ष बाद या बालिका के विवाहोपरान्त बन्द किया जा सकता है।
- खाता किसी भी डाकघर में अविवाहित बालिका का जन्म प्रमाण पत्र व माता-पिता/ वैधानिक संरक्षक का फोटो पहचान पत्र/निवास प्रमाण पत्र देते हुए खुलवाया जा सकता है।

**नशा छोड़कर पैसा करें सुकन्या में बचत , अपना स्वास्थ्य एवं अपनी बेटी का भविष्य संवारें**





**ब्याज दर 9.20 प्रतिशत**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ



**1 करोड़ से अधिक खाते खोले गये तथा 11,000 करोड़ से अधिक धनराशि जमा**



# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

- किसानों की फसल के संबंध में अनिश्चितताओं को दूर करने के लिये नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट ने 13 जनवरी 2016 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसानों की फसल को प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई हानि को किसानों के प्रीमियम का भुगतान देकर एक सीमा तक कम करायेगी।

अन्नदाता सुखी भव:

- इस योजना के लिये 8,800 करोड़ रुपयों को खर्च किया जायेगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत, किसानों को बीमा कम्पनियों द्वारा निश्चित, खरीफ की फसल के लिये 2% प्रीमियम और रबी की फसल के लिये 1.5% प्रीमियम का भुगतान करेगा।

**राजस्थान में 6086735 किसान बीमित जिसमें 7362074.26 हेक्टेयर एरिया शामिल**

## अबकी बार, किसान विकास में हिस्सेदार

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना - **छोटा प्रीमियम बड़ा बीमा**, एक फसल के लिए एक ही दर
- **पूर्ण सुरक्षा, सम्पूर्ण भुगतान**, बिना कैपिंग के
- आजादी से अब तक फसल बीमा मात्र **20%** किसानों तक पहुँच पाया, इसे अगले तीन साल में **50%** तक ले जाने का लक्ष्य है
- देश में पहली बार किसान और कृषि कल्याण हेतु ऐतिहासिक फैसले के तहत **35,984 करोड़ रुपये** का आवंटन
- **28.5 लाख** हेक्टेयर जमीन को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत सिंचित करने की योजना है
- **e-NAM** के अंतर्गत अब किसान अपने उत्पाद घर बैठे देश भर में बेच सकता है

**e-NAM से किसानों को फसल का सही दाम**



| जिला | वर्ष | फसल | कुल किसानों द्वारा बीमा करवाया गया | किसानों द्वारा बीमा कम्पनी को चुकाई गयी कुल प्रीमियम (राशि) | किसानों ने क्लेम दर्ज करवाया (संख्या) | किसानों को क्लेम मिला (संख्या) | बीमा कम्पनी द्वारा जारी क्लेम (राशि) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | [illegible] | खरीफ | [illegible] | 7.665775 करोड़ रुपये | [illegible] | [illegible] | 66.0334149 करोड़ रुपये |
| | | रबी | [illegible] | 10.4799608 करोड़ रुपये | [illegible] | [illegible] | 32.2455896 करोड़ रुपये |
| | [illegible] | खरीफ | [illegible] | 5.03 करोड़ रुपये | प्रक्रियाधीन | प्रक्रियाधीन | प्रक्रियाधीन |
| | | रबी | [illegible] | 5.93 करोड़ रुपये | प्रक्रियाधीन | प्रक्रियाधीन | प्रक्रियाधीन |
| सिरोही | [illegible] | खरीफ | 44822 | 125.30 लाख | 10486 | 10486 | 167.61 लाख |
| | | रबी | 39044 | 145.32 लाख | 13070 | 13070 | 563.08 लाख |
| | [illegible] | खरीफ | [illegible] | [illegible] लाख | क्लेम निर्धारण प्रक्रियाधीन | | |
| | | रबी | | | [illegible] | | |



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर, 2016 को नया पेमेंट ऐप **भीम** ( **BHIM या Bharat Interface for Money** ) लॉन्च किया। इस ऐप का नाम डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के नाम पर रखा गया है। कैशलेस इकोनोमी को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने इस ऐप को शुरू किया है। इसके जरिए कोई भी आसानी से डिजिटल पेमेंट कर सकता है। जानिए इस ऐप से जुड़ी खास बातें :

1. भीम का इस्तेमाल करने के लिए मोबाइल बैंकिंग की जरूरत नहीं है। इसके इस्तेमाल के लिए सिर्फ आपका मोबाइल नंबर बैंक खाते से लिंक होना चाहिए। भीम ऐप से भुगतान करने के लिए आपको कोई चार्ज नहीं देना पड़ता।
2. स्मार्टफोन के अलावा भीम ऐप इंटरफेस का इस्तेमाल फीचर फोन या बिना इंटरनेट के भी किया जा सकता है। आपके फीचर फोन से ऐप का इस्तेमाल USSD ( अनस्ट्रक्चर्ड सप्लिमेंट्री सर्विस डेटा ) के जरिए होता है। इसके लिए फोन में *99# डायल करें और भीम ऐप से पैसों को ट्रांसफर करें।
3. ऐप के जरिए एक बार में अधिकतम 10 हजार रुपए ट्रांजैक्शन की जा सकती है। वहीं, 24 घंटे में यह लिमिट 20 हजार रुपए है।
4. ऐप डाउनलोड करने के लिए गूगल प्ले स्टोर पर जाएं और BHIM टाइप कर सर्च कर सकते हैं। इसके बाद ऐप को ओपन करके अपने बैंक से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से लॉगिन करें। इसके बाद ऐप के जरिए पैसे मंगाए या भेजे जा सकते हैं।
5. भीम ऐप से कोई ट्रांजैक्शन करने के लिए बैंक खाता होना जरूरी है और उसका यूपीआई ( UPI या Unified Payment Interface ) से लिंक्ड कनेक्शन होना भी जरूरी।
6. इस एप की सबसे खास बात ये है कि ये बिना इन्टरनेट के भी काम करेगा तथा पैसे का आदान प्रदान करने के लिए बार-बार Account Number तथा IFSC कोड जैसे लम्बी डिटेल्स को जानने की जरुरत नहीं होगी।

BHIM
BHARAT INTERFACE FOR MONEY

**आप भीम ऐप डाउनलोड करना और इस्तेमाल करना तो सीख गए होंगे लेकिन आपके दिमाग में काफी सारी कंफ्यूजन होंगी तो उन्हें दूर करने के लिए यह जानकारी जानिए भीम ऐप से जुड़े इन सवालों के जवाब......**





Digital India
Power To Empower

## केशलेस ट्रांजेक्शन का अप्रत्याशित साथ मिला और दो करोड़ से अधिक लोगो ने भीम एप्प डाउनलोड किया



**Skill India**

**कौशल भारत - कुशल भारत**

- गरीबी के खिलाफ लड़ाई और बेहतर रोजगार अवसर के लिए देश के लोगों खासकर युवाओं को कुशल बनाने के लिए इस योजना की शुरुआत की गई ।
- 15 जुलाई 2015 को इसकी शुरुआत करते हुए पीएम ने कहा, अगर देश के लोगों की क्षमता को समुचित और बदलते समय की आवश्यकता के अनुसार कौशल का प्रशिक्षण दे कर निखारा जाता है तो भारत के पास दुनिया को 4 से 5 करोड़ कार्यबल उपलब्ध करवाने की क्षमता होगी ।
- सरकार इसके तहत देश के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर्स को बढ़ावा देती है, ताकि युवाओं को स्किलफुल बनाया जा सके ।

जालोर में 802 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें से 638 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये गये। वर्तमान में 35 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वहीं सिरोही में 240 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें से 50 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये गये।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

**अपने हाथों से अपना भविष्य सँवारें**

24 लाख युवाओं को स्किल ट्रेनिंग, सरकार द्वारा प्रमाणपत्र और आर्थिक इनाम पाने का मौका



**कौशल और रोजगार में औरों से आगे है हमारा राजस्थान**

पिछले 2 सालों में 300 नये कौशल विकास केन्द्र खुले

1.92 लाख से ज्यादा युवाओं को मिली ट्रेनिंग

युवाओं को रोजगार के लिए आत्मनिर्भर बनाते हुए कौशल विकास में

**राजस्थान देश में पहले नम्बर पर**



DDU-GKY

# दीन दयाल उपाध्याय

## ग्रामीण योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| कम्युनिकेशन एक्जुकेटिव | कम्प्युटर हार्डवेयर असिस्टेन्ट | हॉस्पीटेलीटी असिसटेन्ट |
| रिटेल-सेल्स एसोसिएट | फ्रन्ट ऑफिस कम रिसेपसनिस्ट | अकाउन्टिंग |


प्रधानमंत्री
जीवन ज्योति बीमा योजना
वार्षिक प्रीमियम सिर्फ़
330 रुपये में 2 लाख
रुपये का जीवन बीमा
समस्त बचत बैंक खाताधारकों के लिए जिनकी आयु- 18 से 50 वर्ष है
आपके बाद, आपके परिवार को मिलेगी बीमा राशि
बीमा अवधि, वार्षिक: 1 जून - 31 मई
प्रधानमंत्री
सुरक्षा बीमा योजना
वार्षिक प्रीमियम सिर्फ़
12 रुपये में 2 लाख
रुपये का दुर्घटना बीमा
समस्त बचत बैंक खाताधारकों के लिए जिनकी आयु- 18 से 70 वर्ष है
बीमा में दुर्घटनाजनित स्थायी विकलांगता भी शामिल
बीमा अवधि, वार्षिक: 1 जून - 31 मई
प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना
- यह सरकार के सहयोग से चलने वाली जीवन बीमा योजना है।
- इसमें 18 साल से 50 साल तक के भारतीय नागरिक को 2 लाख रुपये का बीमा कवर सिर्फ 330 रुपये के सलाना प्रीमियम पर उपलब्ध है ।
- इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 9 मई 2015 को की थी ।
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना
- इसकी शुरुआत भी 9 मई 2015 को ही की गई थी ।
- इसमें 18 से 70 साल की उम्र के नागरिक की दुर्घटनावश मृत्यु या पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2 लाख का कवर दिया जाता है ।
- आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1 लाख का बीमा कवर है ।


अटल पेंशन योजना
- प्रधानमंत्री जन धन योजना की सफलता से उत्साहित देश की युवा पीढ़ी को ध्यान में रखकर तैयार की गई मोदी सरकार की यह एक और अहम योजना है ।
- वित्त मंत्री अरुण जेटली ने फरवरी 2015 के बजट भाषण में कहा था, दु:खद है कि जब हमारी युवा पीढ़ी बूढ़ी होगी उसके पास भी कोई पेंशन नहीं होगी ।
- यह योजना इसी कमी को दूर करने के लक्ष्य के साथ शुरू की गई ।
- इससे ये सुनिश्चित होगा कि किसी भी भारतीय नागरिक को बीमारी, दुर्घटना या वृद्धावस्था में अभाव की चिंता नहीं करनी पड़ेगी ।
- इसे आदर्श बनाते हुए राष्ट्रीय पेंशन योजना के तौर पर अटल पेंशन योजना एक जून 2015 से प्रभावी हो गई ।
- इस योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के लोगों को पेंशन फायदों के दायरे में लाना है ।
- इससे उन्हें हर महीने न्यूनतम भागीदारी के साथ सामाजिक सुरक्षा का लाभ उठाने की अनुमति मिलेगी ।
कुल लाभार्थी
25 लाख
अटल
पेंशन
योजना
समस्त बचत बैंक खाताधारकों के लिए जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष है
मासिक पेंशन आपके योगदान पर आधारित होगी, यानि 18 वर्ष पर प्रवेश करने पर
₹42 से ₹210 प्रति माह तक निवेश करने पर
60 वर्ष की आयु से,
₹1,000 से ₹5,000 तक के पेंशन का आजीवन भुगतान पाएँ



हमारी बेटियां
हमारा गर्व
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
प्रधानमंत्री ने 22 जनवरी 2015 को इस योजना की शुरुआत की ।
- 100 करोड़ रुपये की शुरुआती राशि के साथ यह योजना देशभर के 100 जिलों में शुरू की गई ।
- इस योजना का लक्ष्य लड़कियों के लिंगानुपात को बढ़ाना है।
- लड़कियों को पढ़ाई के जरिए सामाजिक और वित्तीय तौर पर आत्मनिर्भर बनाना है।
- सरकार के इस नजरिए से महिलाओं की कल्याण सेवाओं के प्रति जागरुकता पैदा करने और निष्पादन क्षमता में सुधार को बढ़ावा मिलेगा...
देश के विकास में महिलाओं की हिस्सेदारी
सशक्त नारी...
सशक्त भारत.
बेटा-बेटी में फर्क को खत्म करने की दिशा में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ' योजना एक बड़ी और सफल मुहिम
बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ
BETI BACHAO
BETI PADHAO
SCHEME


प्रधानमंत्री जन-धन योजना
मेरा खाता भाग्य विधाता
रुपे डेबिट कार्ड की सुविधा
अपने बैंक खाते में बचत करें और
कहीं भी किसी भी एटीएम से पैसे निकालें
RuPay
साथ ही ₹1 लाख का दुर्घटना बीमा* मुफ़्त
एटीएम से पैसे निकालने की प्रक्रिया
पिन
प्रधानमंत्री जन-धन योजना
मेरा खाता भाग्य विधाता
विशेष सुविधाएँ:
-: प्रधानमंत्री जन धन योजना :-
➤ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत की ।
➤ यह एक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के शुरु होने के पहले दिन ही डेढ़ करोड़ बैंक खाते खोले गए थे और हर खाता धारक को 1,00,000 रुपये का दुर्घटना बीमा कवर दिया गया ।
➤ इस योजना के तहत अब तक 3.02 करोड़ खाते खोले गए और उनमें करीब 1,500 करोड़ रुपये जमा किए गए ।
➤ इस योजना के अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना कोई गारन्टी के साथ बैंक खाता खुलवा सकता है ।
RuPay डेबिट कार्ड की शुरुआत ।
राजस्थान में 194 लाख खाते खोले, 167 लाख रूपे कार्ड जारी


प्रधानमंत्री
भारतीय
जन औषधि
परियोजना
गरीब को सस्ती दवा मिले,
गरीब को दवाई के बिना मरने की
नौबत ना आए इसलिए पूरे देश में
जन औषधि केन्द्रों का अभियान
चलाया है...
– नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री भारतीय जन
औषधि केंद्र का शुभारंभ
600 से ज्यादा उच्च गुणवता युक्त
दवाएं उपलब्ध





प्रधानमंत्री mudra योजना

पूँजी. सफलता की कुंजी

# जरूरत मंदों के लिए वित्तीय मदद

- प्रधानमंत्री ने इस योजना की शुरुआत 8 अप्रैल 2015 को की ।
- इसके तहत मुद्रा बैंक छोटे व्यवसायी को 10 लाख रुपये तक का क्रेडिट देती है और माइक्रो फाइनेंस संस्थानो के लिए रेगुलेटरी बॉडी की तरह काम करती है ।
- इसका उद्देश्य छोटे व्यवसायी को बढ़ावा देना है ।
- इसमें तीन विकल्प हैं- शिशु में 50 हजार तक का लोन, किशोर में 50 हजार से 5 लाख तक का लोन और तरुण में 5 लाख से 10 लाख तक का लोन दिया जाता है।
- 05 मई 2017 तक देश में 76411764 लोगों को 328452.09 करोड़ रुपये का ऋण सेंक्शन किया गया जिसमे से 70% भागीदारी महिलाओं की है।

**कोई गारन्टी / प्रतिभूति नहीं**






राजस्थान में 24.28 लाख लाभार्थियों को रु. 14,444 करोड़ के ऋण

| जिला | लाभान्वित | प्राप्त राशि ( लाखों में ) |
|---|---|---|
| जालोर | 3510 | 62.28 |
| सिरोही | 7707 | 62.66 |



किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो और पैदावार बढ़े इसलिए केंद्र सरकार ने
उर्वरक कंपनियों को आदेश जारी किए कि वे 100 फीसदी नीम कोटेड यूरिया ही बनाएं। "
उपलब्धियां
मई 2015 से संपूर्ण
यूरिया उत्पादन को नीम चढ़ा
यूरिया बनाना अनिवार्य कर दिया गया है।
इससे यूरिया की काला बाजारी में भारी कमी आई है
नरेन्द्र मोदी
किसान
नीम लेपित यूरिया
नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
डालोगे नीम कोटेड यूरिया
तो जमीन और फसल दोनों होगी बढ़िया
नीम कोटेड यूरिया




## सपना नही सच्चाई है, बिजली हमारे घर आई है

- भारत के गांवों को निर्बाध बिजली आपूर्ति लक्ष्य करते हुए इस योजना की शुरुआत की गई है ।
- सरकार गांवों तक 24X7 बिजली पहुंचाने के लिए इस योजना के तहत 75 हजार 600 करोड़ रुपये खर्च करने वाली है ।

इस योजना अन्तर्गत राजस्थान में 58624 गांवों एवं ढ़ाणियों में विद्युतिकरण योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से 43741 गांवों को योजना के प्रथम चरण में जोड़ा जा चुका हैं तथा द्वितीय चरण 14513 गांवों को नई परियोजना में जोड़ा जायेंगा।



**लोकसभा क्षेत्र में**

| जिले का नाम | स्वीकृत राशि ( करोड़ों में ) |
|---|---|
| जालोर | 117.04 |
| सिरोही | 75.50 |

UJALA

| LED वितरण | |
|---|---|
| भारत | 23.73 करोड़ |
| राजस्थान | 1.31 करोड़ |
| सिरोही | 1,55,848 |
| जालोर | 70,763 |

- नये उजाले की ओर राजस्थान
- पहले से ज्यादा बिजली अब घर-घर में

**रोशन गांव, जगमगाता भारत**

- राज्य में पहली बार 17446 मेगावाट बिजली पैदा करने की क्षमता
- मोदी सरकार ने 2 साल के भीतर अंधेरे में डूबे देश के 86% गांवों में बिजली पहुंचाई





ग्रामीण आवास कार्यक्रम में इन कमियों को दूर करने के लिए और 2022 तक 'सभी को मकान' उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए 1.4.2016 को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण शुरू की गयी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना राजस्थान में राशि 8,000 करोड़ से गरीबों के लिए 6.75 लाख आशियाने बनाए जाएंगे

''सबके लिए आवास'' योजना के तहत 4 करोड़ ग्रामीण घर विहीन परिवारों को आवास की सुविधा देने की योजना है।

## आवास योजना के कुछ मुख्य बिंदु

- भारत सरकार इस योजना के अंतर्गत अगले तीन साल में कुल 1 करोड़ पक्के मकान बनाएगी।
- कुल लक्ष्य 4 करोड़ घर बनाने का रखा गया है जिसे 2022 तक पूरा किया जाना है।
- अगले तीन साल के लिए भारत सरकार ने 81,975 करोड़ रुपए का बजट तय किया है जो की योजना को 2016-17 से लेकर 2018-19 तक लागू करने में काम आएगा।
- योजना के अंतर्गत लाभार्थी का चुनाव 2011 जनगणना के डेटा के अनुसार किया जाएगा।
- वित्तीय सहायता की रकम सीधा लाभार्थी के बैंक बचत खाते में ट्रांसफर किया जाएगा।
- योजना के अंतर्गत कोई भी लाभार्थी 70000 रुपये तक का लोन ले सकता है, हालाँकि ये वैकल्पिक है।



प्रधान मंत्री
आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin




**विकास की तरफ अगला कदम, हर परिवार का हो अपना घर**

| जिला | स्वीकृत आवास | राशि ( करोड़ो मे ) |
|---|---|---|
| जालोर | 12531 | 150.37 |
| सिरोही | 12916 | 154 |

सहायता के लिए हेल्पलाइन नम्बर पर संपर्क करें 1800116446



सक्षम किसान, समृद्ध भारत
बदलता कृषि क्षेत्र
सॉइल हेल्थ कार्ड योजना
रिपोर्ट कार्ड
2.62 करोड़
मिट्टी के एकत्रित नमूने
1.85 करोड़
परीक्षित नमूनों की संख्या
5.12 करोड़
वितरित सॉइल हेल्थ कार्डों की संख्या
भावी योजना
2018 तक 14 करोड़ खेतों की मिट्टी के नमूनों के परीक्षण का लक्ष्य
देशभर में मिट्टी के परीक्षण के लिए 648 कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना की जाएगी
योग्य क्षेत्रीय उद्यमियों द्वारा 100 मिनी लैब स्थापित किये जायेंगे
स्वस्थ्य धरा, खेत हरा
सॉयल हैल्थ कार्ड
स्वस्थ धरा, खेत हरा
इस साल किसानों द्वारा बंपर पैदावार

# —: विशेष उपलब्धियां : —

